**(अत्यावश्यक)**

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/बाल संरक्षण(18)/वो–2/2022–26 दिनांक : As in E-Sign

**समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी)** के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** निदेशक (शैक्षिक), माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर का पत्र क्रमांक : मा.शि.बो./एसीए/2026/टी–1832 दिनांक : 09.06.2026

**सन्दर्भ :–** संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली का अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक : CW-I-19019/1/2025-CW-I(Part -3) दिनांक : 22 मई, 2026

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंग एवं सन्दर्भितानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। मेधावी युवाओं को सम्मानित करने के लिए स्थापित यह पुरस्कार छह श्रेणियों यथा– बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तहत दिया जाता है। **18 वर्ष से कम आयु के बच्चे (31 जुलाई, 2026 तक) जिन्होंने उक्त क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान का प्रदर्शन किया है, वे नामांकन के पात्र हैं।**

इसी क्रम में अवगत करवाया गया है कि उक्त पुरस्कार हेतु व्यापक चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य संबंधित संस्थानों से नामांकन आमंत्रित किए गये हैं, जो कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्राप्त किये जाएंगे। नामांकन/सिफारिशों को अंतिम रूप देते समय, निम्नलिखित पहलुओं को सुनिश्चित किया जा सकता है :–

- अनुशंसित बच्चे राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार के असाधारण हकदार हैं, उनकी उपलब्धियों के रूप में सार्वजनिक सेवा वांछनीय है।
- छात्राएं, कमजोर वर्गों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों और दिव्यांग व्यक्तियों में से प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा सकते है।
- **पीएमआरबीपी के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया दिनांक : 01 अप्रैल, 2026 से प्रारम्भ कर दी गयी है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक : 31 जुलाई, 2026 तक है।**

उल्लिखितानुसार निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त विद्यालयों (सरकारी एवं गैर सरकारी) में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) की जानकारी, विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी/नामांकन हेतु उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5/2/1) विभाग, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
3. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
4. निदेशक (शैक्षिक), माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में। (जरिये ई–मेल)
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
6. निजी सचिव/निजी सहायक/स्टॉफ आफिसर, कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
7. सहायक निदेशक, वीआईपी/मॉनिटरिंग/सतर्कता/पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी **(मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक** को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
11. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :12-06-2026 02:07:33

RajKaj Ref No.: 22783816